
प्रेस नोट– 03 अप्रैल 2023

**शिकायतों के समाधान में अव्वल यूपी रेरा**

लखनऊ/गौतम बुद्ध नगर: उ.प्र. भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण में पिछले पाँच वर्षों से अब तक लगभग 48500 शिकायतें दर्ज हुई हैं एवं कुल लगभग 42980 शिकायतों का निस्तारण हो चुका है। यह आँकड़ा देश के समस्त रेरा द्वारा निस्तारित कुल शिकायतों के पचास प्रतिशत से भी अधिक है। शिकायतों के प्राप्त होने के उपरान्त उ.प्र. रेरा ने सभी शिकायतों की सुनवाई कर उन्हें भू-सम्पदा (नियमन और विकास) अधिनियम 2016 के अनुसार अनुपालन कराया एवं शिकायतकर्ताओं के हितों की सुरक्षा करने का उत्तरदायित्व निभाया। उ. प्र. रेरा में वर्तमान समय तक प्रमुख जिलों में निम्नवत शिकायतें प्राप्त हुई एवं निस्तारित हुईं हैं:

| **प्रमुख जिलों के नाम** | **पंजीकृत शिकायतें** | **निस्तारित शिकायतें** | **समाधान प्रतिशत में** |
|---|---|---|---|
| गौतम बुद्ध नगर | 28859 | 25513 | 88.40% |
| लखनऊ | 8654 | 8052 | 93% |
| गाजियाबाद | 6500 | 5617 | 86.40% |
| वाराणसी | 860 | 834 | 97% |
| मेरठ | 807 | 746 | 92.40% |
| आगरा | 511 | 434 | 84.93% |
| कानपुर नगर | 264 | 247 | 93.56% |
| बाराबंकी | 193 | 177 | 91.70% |
| मथुरा | 148 | 117 | 79.05% |
| उन्नाव | 148 | 114 | 77.02% |
| प्रयागराज | 143 | 118 | 82.51% |




| | गौतम बुद्ध नगर | लखनऊ | गाजियाबाद | वाराणसी | मेरठ | आगरा | कानपुर नगर | बाराबंकी | मथुरा | उन्नाव | प्रयागराज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पंजीकृत शिकायतें | 28859 | 8654 | 6500 | 860 | 807 | 511 | 264 | 193 | 148 | 148 | 143 |
| निस्तारित शिकायतें | 25513 | 8052 | 5617 | 834 | 746 | 434 | 247 | 177 | 117 | 114 | 118 |
| समाधान प्रतिशत में | 88.40% | 93% | 86.40% | 97% | 92.40% | 84.93% | 93.56% | 91.70% | 79.05% | 77.02% | 82.51% |

उ. प्र. रेरा के गठन के उपरान्त प्रदेश के रियल एस्टेट क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन देखने को मिला है। उ. प्र. रेरा ने बहुआयामी प्रयास कर प्रोमोटर्स को उनकी जिम्मेदारियों और ग्राहकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया है जिसका परिणाम सकारात्मक रहा। देश भर के रेरा के लिए उ. प्र. रेरा ने एक उदाहरण प्रस्तुत किया है कि यदि भारत के रियल एस्टेट क्षेत्र को विकसित करना है तो होम बायर्स और प्रोमोटर्स दोनों की समस्याओं को शीघ्रातिशीघ्र निस्तारित कर एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना होगा। उ. प्र. रेरा ने इस क्षेत्र में पहल की है और प्रदेश के रियल एस्टेट क्षेत्र को अधिक सशक्त कारण की एक बड़ी पारी पूरी की है। आगे भी उ. प्र. रेरा अपने प्रयासों के साथ प्रदेश के रियल एस्टेट क्षेत्र को सशक्त करने हेतु निरंतर यत्न करता रहेगा।

**(राजेश कुमार त्यागी)**
सचिव